अनुक्रमांक

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

नाम

936

# 830 (EA)

2016

# चित्रकला

केवल प्रश्न-पत्र

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii)* *मुख-पृष्ठ (Cover-Page) तथा प्रत्येक उत्तर-पत्र के ऊपर दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ़-साफ़ लिखिए तथा सभी प्रपत्रों पर कक्ष निरीक्षक के स्पष्ट हस्ताक्षर करवाइए ।*

*(iii)* *प्रश्न-पत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है । इनमें से खण्ड क का प्रश्न **अनिवार्य** है । खण्ड ख और खण्ड ग में से किसी **एक** खण्ड के ही प्रश्न हल करने हैं ।*



*(iv)* *खण्ड क के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है ।*

*(v)* *खण्ड ख के 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड ग के 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** के ही उत्तर देने हैं ।*

*(vi)* *केन्द्र व्यवस्थापक की स्पष्ट हस्ताक्षरयुक्त मुहर (Facsimile) अपने सभी ड्राइंग पेपर पर लगवाइए और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाइए ।*

---

## खण्ड क

### (अनिवार्य)

### (प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

**1.** 22 सेमी × 18 सेमी के आयत में निम्न दृश्य चित्र बनाइए । दृश्य चित्र जलरंगों अथवा पेस्टिल रंगों से तैयार कीजिए ।

हरे-भरे खेतों में कुछ वृक्षों के साथ ग्रामीण प्रात:कालीन दृश्य चित्रण बनाइए । गाँव की झोपड़ियाँ तथा पास में एक झील में एक नौका का चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

नदी में नौका विहार का दृश्य चित्रित कीजिए । चित्रांकन में निम्नलिखित बातों पर ध्यान दीजिए :

(क) सही रेखांकन तथा परिप्रेक्ष्य 15

(ख) संयोजन $7\frac{1}{2}$

(ग) प्राकृतिक रंगों का प्रयोग 15

(घ) वातावरण एवं सामान्य प्रभाव $7\frac{1}{2}$

**अथवा**

## (आलेखन)

एक 20 सेमी व्यास वाले वृत्त में एक फ़र्श के मध्य के लिए एक आलेखन बनाइए जो किसी भारतीय फूल, पत्तियों तथा कलियों पर आधारित हो । इसमें यथास्थान किसी पक्षी का समायोजन कीजिए । आलेखन में तीन जलरंगों का प्रयोग कीजिए । ट्रेसिंग करना मना है । आलेखन बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दीजिए :

(क) इकाई की मौलिकता *15*

(ख) संयोजन $7\frac{1}{2}$

(ग) उत्तम रंग संगति *15*

(घ) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण $7\frac{1}{2}$

**अथवा**

## (प्राविधिक कला)

***निर्देश :***

*(i)* *निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं ।*

*(iii)* *प्रत्येक रचना में निर्दिष्ट रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ एवं अभीष्ट रेखाएँ स्पष्ट दिखाइए ।*



(क) एक समद्विबाहु त्रिभुज अ ब स की रचना कीजिए । त्रिभुज के दोनों आधार कोण 50° के हैं । इसके अन्तर्गत एक समबाहु त्रिभुज की रचना कीजिए । *5+10*

(ख) दो वृत्त जिनके केन्द्रों की दूरी 5 सेमी है, एक-दूसरे को स्पर्श करते हैं । यदि एक वृत्त की त्रिज्या 3 सेमी है, तो दोनों वृत्तों की एक सामान्य अनुस्पर्शी रेखा की रचना कीजिए । *5+10*

(ग) 4 सेमी भुजा का एक समपंचभुज अ ब स द य ज्यामितीय विधि द्वारा बनाइए । पंचभुज अ ब स द य के क्षेत्रफल के बराबर एक समद्विबाहु त्रिभुज की रचना कीजिए । *5+10*

(घ) 7 सेमी व्यास वाले वृत्त में एक आकर्षक ज्यामितीय आलेखन बनाइए जो वृत्तों, चापों और रेखाओं पर आधारित हो । *5+10*

(ङ) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए जिसके द्वारा मीटर की दूरी पढ़ी जा सके और जो 3 सेमी द्वारा 12 मीटर की दूरी प्रदर्शित करती है । मापनी की निरूपक भिन्न ज्ञात कीजिए । मापनी पर 38 मीटर की दूरी अंकित कीजिए । *3+7+5*

## खण्ड ख

### (स्मृति चित्रण)

2. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** का छाया प्रकाश एवं प्रतिछाया चित्र पेन्सिल से बनाइए । चित्र 15 सेमी से कम न हो । चित्रांकन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए :

(I) आकृति की अनुरूपता पर *6*

(II) रेखा सौष्ठव पर $6\frac{1}{2}$

(i) लालटेन

(ii) टेबिल लैम्प

(iii) टेनिस रैकेट

(iv) बाल्टी

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति चित्र पेन्सिल द्वारा बनाइए । चित्र 15 सेमी से कम न हो । चित्रांकन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए :

(I) आकृति की अनुरूपता पर *6*

(II) रेखा सौष्ठव पर $6\frac{1}{2}$

(i) गाजर

(ii) टमाटर

(iii) बैंगन पत्तियों सहित

(iv) अनन्नास पत्तियों सहित



## खण्ड ग

### (भारतीय चित्रकला)

3. (क) प्रागैतिहासिक चित्रों की विषयवस्तु पर संक्षेप में लिखिए । *15*

**अथवा**

अजन्ता की चित्रित मानव आकृतियों का वर्णन कीजिए । *15*

**अथवा**

भारतीय चित्रकला में राजा रवि वर्मा का क्या योगदान था ? *15*

(ख) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प दिए गए हैं । सही विकल्प का चयन कर अपने उत्तर-पत्र में क्रमानुसार लिखिए ।

(i) महाभारत में किस चित्रकार का नाम है ? *1*

(अ) ऊषा

(ब) अनिरुद्ध

(स) चित्रलेखा

(द) राधा

(ii) अजन्ता की गुफाएँ कहाँ स्थित हैं ? *1*

(अ) औरंगाबाद

(ब) मिर्ज़ापुर

(स) ग्वालियर

(द) रायगढ़

(iii) *'भारतीय चित्रकला के छः अंग'* के लेखक हैं  *1*

(अ) कुमारास्वामी

(ब) वात्स्यायन

(स) यशोधर पंडित

(द) भरत मुनि

(iv) पहाड़ी कला कहाँ विकसित हुई ?  *1*

(अ) कर्नाटक

(ब) राजस्थान

(स) गुजरात

(द) हिमाचल प्रदेश

(v) मंसूर किस काल के चित्रकार थे ?  *1*

(अ) राजपूत काल

(ब) बौद्ध काल

(स) मध्य काल

(द) मुग़ल काल

(vi) किशनगढ़ शैली का चित्रण किस राज्य में स्थित है ?  *1*

(अ) उत्तर प्रदेश

(ब) बिहार

(स) राजस्थान

(द) पश्चिम बंगाल



(vii) अजन्ता की गुफाएँ किसके लिए प्रसिद्ध हैं ?  *1*

(अ) शिल्प

(ब) भित्ति चित्र

(स) स्तम्भ

(द) स्तूप

(viii) समबाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है ?  *1*

(अ) 45°

(ब) 30°

(स) 60°

(द) 90°

(ix) निम्नलिखित म स कान-सा पान्सल स बनाई गई रेखाएँ सर्वाधिक काली होती हैं ?  *1*

(अ) एच (H)

(ब) बी6 (B6)

(स) एच.बी. (HB)

(द) 2एच (2H)

(x) निहाल चन्द्र किस शैली के चित्रकार थे ?  *1*

(अ) मुग़ल शैली

(ब) जैन शैली

(स) पहाड़ी शैली

(द) राजस्थानी शैली